हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

<u>(तिथि 21 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)</u>

केंद्र सरकार ने आयकर नियम, 2026 अधिसूचित कर दिए हैं। ये नियम, पहली अप्रैल से प्रभावी होंगे। नए नियमों का उद्देश्य अनुपालन को बढ़ाना और नियमों की संख्या कम करके कर प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। वित्त मंत्रालय ने कहा है कि नए नियमों के तहत, कंपनियों को शेयर रजिस्टर का रख रखाव रखने, आम बैठकों का आयोजन और लाभांश का भुगतान केवल देश के भीतर ही करना होगा।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में आयकर अधिनियम 2025 पर देशव्यापी जागरूकता अभियान प्रारंभ 2026 की शुरुआत की। यह अभियान प्रिंट, रेडियो, टेलीविजन, आउटडोर, डिजिटल और सोशल मीडिया के अंतर्गत चलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि आयकर अधिनियम 2025 से त्रुटियां, विवाद और अनुपालन लागत कम होगी।

<u>*आयकर अधिनियम 2025 स्पष्ट रूप से 1961 के अधिनियम का स्थान लेगा, ये सरल, निष्पक्ष और स्पष्ट है। इसमें जनता के लिए कई सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है। जो निश्चित रूप से भारत को एक कर-अनुकूल देश के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी। इसके साथ कई और भी उपाय है लेकिन उन पर चर्चा बाद में होगी।*</u>

****

आज हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देशभर में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। **लोगों ने** मस्जिदों और ईदगाहों में बड़ी संख्या में एकत्र होकर अमन, शांति और खुशहाली की दुआ की। पलवल में मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष यूनुस अहमद ने बताया कि सब ने आज मिलकर नमाज़ अदा की व देश की तरक्की और भाईचारे के लिए दुआ की। उन्होंने ईद के साथ नवरात्रों और हिन्दू नव वर्ष की बधाई भी दी। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कल फरीदाबाद के नागरिक अस्पताल में हार्ट सेंटर का उद्घाटन किया। में खुला यह केंद्र 2023 से बंद पड़ा था। अब इसे दोबारा खोल गया है। यहाँ पर दिल से संबंधी सभी प्रकार की सर्जरी होगी।

****

केंद्र सरकार ने कहा है कि राज्यों को विद्युत क्षेत्र में बड़े सुधार लागू करने के लिए पूर्ण समर्थन दिया जाएगा। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने राज्यों को कानूनी और प्रशासनिक उपायों सहित सुधारों का आश्वासन दिया। भारत विद्युत शिखर सम्मेलन में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ मंत्रिस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री मनोहर लाल ने देश की 520 गीगावाट से अधिक स्थापित क्षमता, डिस्कॉम के बेहतर प्रदर्शन, बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटर की तैनाती और बिजली की कटौती में कमी जैसी उपलब्धियों की जानकारी दी।

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कल फरीदाबाद के नागरिक अस्पताल में हार्ट सेंटर का उद्घाटन किया। 2018 में खुला यह केंद्र 2023 से बंद पड़ा था। अब इसे दोबारा खोल दिया गया है जहां दिल से संबंधी सभी प्रकार की सर्जरी होगी।

****

हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कल पिहोवा में भगवान श्री परशुराम चौक का उद्घाटन किया।

मंत्री ने कहा कि यह चौक युवाओं को भगवान श्री परशुराम के आदर्शों पर चलने के लिए आत्मबल प्रदान करेगा और तीर्थ नगरी पिहोवा के सौंदर्यीकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरस्वती नदी के जल प्रवाह को पिहोवा तक लाने के लिए प्रयासरत है। पिहोवा नाले को सरस्वती नाला घोषित किया जाएगा और मुख्य मार्ग को चारमार्गीय बनाने का कार्य भी शीघ्र शुरू होगा। उन्होंने विकास कार्यों के लिए 11 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा भी की। मंत्री ने मां सरस्वती मंदिर में माथा टेककर पूजा-अर्चना भी की।

****

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कल पलवल में दिव्यंगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर, बैसाखी, वॉकर, कृत्रिम अंग, ट्राइसाइकिल, छड़ी एवं श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ व जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव महेश गुप्ता भी मौजूद रहे। श्री गौतम ने कहा कि आवासीय एंव शहरी विकास निगम द्वारा कॉर्पोरेट समाजिक जिम्मेदारी योजना-सीएसआर के तहत दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों की सहायतार्थ यह विशेष पहल की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों को हर सुविधा देने के लिए कृतसंकल्प है।

****